M–ESC–U–HND

HINDI

PAPER—I

(LITERATURE)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions

There are EIGHT questions divided in two Sections.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in HINDI (Devanagari Script).

Word limit in questions, if specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

हिन्दी

प्रश्न-पत्र—I

(साहित्य)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र से संबंधित विशेष अनुदेश

उत्तर लिखने से पहले कृपया निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ लें

कुल **आठ** प्रश्न हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।

प्रश्न सं० **1** और **5** अनिवार्य हैं और शेष में से **तीन** प्रश्नों का उत्तर दिया जाना है, जिनमें प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम **एक** प्रश्न होना चाहिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने अंकित हैं।

उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे।

जिन प्रश्नों के संबंध में अधिकतम शब्द संख्या निर्धारित है, वहाँ इसका अनुपालन किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तर की गणना संख्यात्मक क्रम में की जाएगी। यदि किसी प्रश्न को काटा नहीं गया, तो उस प्रश्न को गिन लिया जाएगा भले ही उसका उत्तर आंशिक तौर पर क्यों न लिखा गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ अथवा पृष्ठ का भाग, जो खाली छोड़ा गया हो, उसे स्पष्ट रूप से काट दिया जाना चाहिए।

SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए : 10×5=50

(a) देवनागरी लिपि का विकास

(b) मध्यकाल में काव्यभाषा के रूप में प्रयुक्त अवधी की विशेषताएँ

(c) सिद्धनाथ साहित्य में प्रयुक्त खड़ी बोली का प्रारंभिक रूप

(d) बहुभाषाविद् खुसरो एवं उनकी कविता

(e) दक्खिनी हिन्दी के साहित्यिक विकास के ऐतिहासिक और सामाजिक कारण

2. *(a)* पूर्वी हिन्दी की किन्हीं दो बोलियों की शब्दशास्त्रीय विशेषताएँ बताइए। 20

(b) राष्ट्रभाषा के प्रचार-प्रसार में महात्मा गाँधी और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 15

(c) हिन्दी व्याकरण-लेखन की परम्परा में कामता प्रसाद गुरु के कार्य की समीक्षा कीजिए। 15

3. *(a)* हिन्दी में विज्ञान-लेखन की दशा एवं दिशा पर प्रकाश डालिए। 20

(b) मानक हिन्दी के सर्वनामों का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 15

(c) हिन्दी की तकनीकी शब्दावली की उपलब्धियाँ और सीमाएँ बताइए। 15

4. *(a)* राष्ट्रभाषा हिन्दी की संवैधानिक स्थिति और उसका महत्त्व स्पष्ट कीजिए। 20

(b) राजभाषा हिन्दी के मार्ग की कठिनाइयाँ बताइए और समाधान भी सुझाइए। 15

(c) विश्वमंच पर हिन्दी के सफल प्रयोग की संभावनाएँ बढ़ गई हैं। इस कथन की पुष्टि कीजिए। 15

SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए : 10×5=50

(a) विद्यापति की कविताओं में विद्यमान भक्ति-भावना

(b) हिन्दी सूफी काव्य का सांस्कृतिक महत्त्व

(c) तुलसीदास और केशवदास की रामभक्ति से जुड़ी कविताओं में पृथकता के कारण

(d) हिन्दी गद्य के विकास में बालकृष्ण भट्ट का योगदान

(e) मैथिलीशरण गुप्त के काव्य पर गाँधी-दर्शन के प्रभाव की दिशा

6. *(a)* 'जयशंकर प्रसाद और उनकी कामायनी' विषय पर एक नातिदीर्घ समीक्षात्मक आलेख प्रस्तुत कीजिए। 20

(b) मोहन राकेश के नाट्यकर्म की समीक्षा कीजिए। 15

(c) प्रेमचंद के उपन्यासों में अभिव्यक्त यथार्थवाद के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 15

7. *(a)* नई कहानी आंदोलन की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। 20

(b) दिनकर की काव्य-कृतियों में 'उर्वशी' के प्रति आकर्षण के प्रमुख कारणों का उद्‌घाटन कीजिए। 15

(c) महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों और संस्मरणों की जीवंतता पर प्रकाश डालिए। 15

8. *(a)* हिन्दी में आचार्य रामचंद्र शुक्ल की समीक्षा के ऐतिहासिक महत्त्व पर विचार कीजिए। 20

(b) 'हिन्दी के ललित निबंधकार और कुबेरनाथ राय' विषय पर एक समीक्षात्मक आलेख प्रस्तुत कीजिए। 15

(c) हिन्दी के किसी एक यात्रावृत्तान्त लेखक की लेखनगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 15

★ ★ ★